(ख) यदि हां, तो लोगों की कठिनाइयों को देखते हुए इस मार्ग पर कब तक नई रेल गाडी चलायी जायेगी ?

रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) : (क) जी हां।

(ख) जी नही। लेकिन, 137 138 छत्तीसगढ एक्सप्रेस चालू हो जाने के बाद, दिल्ली/निजामुद्दीन-जबलपुर के बीच प्रतिदिन इलाहाबाद होकर एक सवारी डिब्बा तथा बीना होकर चार सवारी डिब्बे चलाये जा रहे है। इस प्रकार दोनो मार्गों से धू सवारी डिब्बो की कुल सख्या प्रति सप्ताह 29 से बढाकर 35 कर दी गयी है।

समस्तीपुर से दरभगा तक बडी लाइन बिछाना और मुजफ्फरपुर-दरभगा रेल लाइन का निर्माण-कार्य

2002 **श्री हुकम देव नारायण यादव** : क्या रेल मत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) बिहार मे समस्तीपु से द भगा तक बडी लाइन बिछाने की योजना कब तक पूरी हो जावेगी औ सकरी-हसनपुर, मुज्जफरपुर-दरभंगा, निर्मोली-सरायगढ रेलवे लाइन का निर्माण कार्य कब तक पूरा हो जायेगा, औ

(ख) क्या इन रेलवे लाइनो का सर्वेक्षण कार्य पूरा हो गया है औ क्या भूमि भी अर्जित कर ली गई है ?

रेल मंत्री (प्रो० मधुदंडवते): (क) औ (ख) इन रेलवे लाइनो के सम्बन्ध मे स्थिति नीचे बतायी गयी है —

(i) समस्तीपुर-दरभगा समस्तीपुर द भगा मीटर लाइन के आमान-परिवर्तन के जरिए अन्तिम स्थान निर्धारण इजीनियरी सर्वेक्षण एवं यातायात पुनर्मूल्यांकन का काम हाल ही मे पूरा हुआ है। इस सम्बन्ध मे रिपोर्ट प्राप्त होने तथा उसकी जाच क लिए जाने के बाद इस प्रयोजन के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध होने ही इस निर्माण कार्य को आरम्भ करना सम्भव हो पायेगा।

(ii) सकरी-हसनपुर यथा सभव किफायत बरतने के लिए इस लाइन के निर्माण सम्बन्ध परियोजना अनुमान मे सशोधन किया जा रहा है। अनुमानो के प्राप्त होने तथा उसकी स्वीकृति मिलने और अपेक्षित धन उपलब्ध होने पर इस काम को शुरु करना सभव हो पायेगा।

(iii) मुजफ्फरपुर-दरभगा मुजफ्फरपुर से दरभगा तक एक बडी लाइन के निर्माण के लिए प्रारम्भिक इजीनियरी एव यातायात सर्वेक्षण चल रहा है। सर्वेक्षण के परिणामो पर ही निर्माण सम्बन्धी आगे की कार्रवाई निर्भर करेगी।

(iv) निर्मली-सरायगढ निर्मली-सरायगढ मीटर लाइन को फिर से बिछाने के लिए प्रारम्भिक इजीनियरी एव यातायात सर्वेक्षण हाल ही मे पूरा हुआ है और इस सम्बन्ध मे रिपोर्ट की जाच की जा रही है। रिपोर्ट की सभी दृष्टियो से जाच कर लिए जाने के बाद ही इस लाइन के निर्माण के बारे मे विनिश्चय करना सभव हो पायेगा।

इन परियोजनाओ के पूरा होने की निश्चित तिथि इस समय बताना कठिन है।

Train halt at Perasanur (Kerala)

2003 SHRI G M BANATWALLA Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether Government have received a petition dated 10th June, 1977 in continuation of the previous